कीस ने मनाया भारत का 69वां संविधान दिवस

भुवनेश्वर स्थित विश्व के सबसे बड़े आदिवासी आवासीय विद्यालय कीस के बच्चों ने 26नवंबर को भारत के संविधान दिवस के रुप में मनाया। गौरतलब है कि भारत का संविधान जिसको बनाने में दो वर्ष ग्यारह महीने और कुल 17 दिन लगे थे उसका प्रारुप 26नवंबर,1949 को स्वीकार किया गया और 26जनवरी,1950 को लागू किया गया।कीस में मनाये गये 69वें संविधान दिवस के अवसर पर कीस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा प्रशांत कुमार राउतराय ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान दिवस मनाने के औचित्य और उद्देश्य को कीस के बच्चों के समक्ष स्पष्ट किया और भारतीय संविधान सभा के जनक डा भीमराव अंबेदकर आदि की अहम् भूमिका को बच्चों को बताया। उन्होंने यह भी बताया कि कीस की स्थापना का उद्देश्य भी मानवता और मानवीय मूल्यों की रक्षा करना है जिस जिम्मेवारी को आपसब सच्चे मन से आज के दिन संकल्प लेकर पूरा करें एक नेक,चरित्रवान और सदाचारी छात्र–छात्राएं बनकर। इस अवसर पर कीस के शिक्षक श्री पी सी बेहरा ने भी अपना विचार बच्चों के समक्ष रखा जबकि शिक्षिका सुप्रिया पटनायक ने संविधान की प्रस्तावना का संकल्प पाठकर सभी को शपथ दिलाई।इस अवसर पर श्री पी के पात्र डेपुटी सीइओ कीस और श्री डब्लू ईश्वर वित्त अधिकारी आदि उपस्थित होकर संकल्प पाठ किये।अशोक पाण्डेय